## न्यायालय , भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता बेरमो (तेनुघाट)
## छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(क)/(ख) के अंतर्गत
## *परमिशन वाद संख्या 14 वर्ष 2023*

आवेदक–विमला देवी
ग्राम – टकाहा टोला सलगाडीह
थाना – पेटरवार जिला–बोकारो

क्रेता– अंजना देवी
ग्राम–जरूआटॉड
थाना –पेटरवार जिला– बोकारो

| आदेश की क्र0 सं0 एवं तारीख 01 | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर 02 | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ। 03 |
|---|---|---|
| 30/05/23 | (आदेश नीचे देखें) | C.C. 7655 10/10/23 |

### आदेश

यह वाद विमला देवी पति बाबूलाल उर्फ बाबूलाल मोदी निवास ग्राम टकाहा थाना पेटरवार जिला बोकारो वर्तमान पता ग्राम महुआर टोला मोदीडीह थाना बोकारो स्टील सिटी जिला बोकारो द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(क))/(ख) के अंतर्गत निम्नांकित जमीन, विवरण निम्नवतः–

| मौजा | थाना न0 | खाता न0 | प्लॉट न0 | कुल रकबा | बिक्री रकबा | भूमि दर्जा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| टकाहा | 27 | 35 | 293 | 66 डी0 | 16 डी0 | |

को वे अपना बिमारी ईलाज एवं पारिवारिक खर्च हेतु मो0 3,90,000/– (तीन लाख नब्बे हजार) रूपये मे क्रेता– अंजना देवी पति सुखलाल मोदी निवास ग्राम जरूआटॉड थाना पेटरवार जिला– बोकारो वर्तमान पता ग्राम आवास सं0 3107 सेक्टर 12/सी0 थाना सेक्टर–12 जिला बोकारो के साथ बिक्री करने की अनुमति हेतु समर्पित आवेदन के आधार पर आरम्भ किया गया तथा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1),(क)/(ख) के तहत आवेदन पत्र को पंजीकृत करते हुए आम सूचना निर्गत की गई, तथा इस कार्यालय के पत्रांक 548/(ख) रा0 दिनांक 17.05.2023 के माध्यम से अंचल अधिकारी, पेटरवार से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई।

निर्धारित अवधि तक किसी के द्वारा प्रस्तावित भूमि की अनुमति प्रस्ताव के विरूद्ध कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। प्रस्तावित भूमि की बिक्री की अनुमति के संबंध में अंचल अधिकारी, पेटरवार के पत्रांक 681 दिनांक 27.07.2023 से वांछित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि:–

01. बिक्रेता एवं क्रेता मुण्डा जाति के सदस्य हैं जो अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आते हैं। बिक्रेता का मूल निवास ग्राम टकाहा थाना पेटरवार जिला बोकारो वर्तमान पता ग्राम महुआर टोला मोदीडीह थाना बोकारो स्टील सिटी एवं केता ग्राम जरूआटॉड थाना पेटरवार जिला बोकारो का निवासी है।
02. बिक्री की जाने वाली भूमि सर्वे खतियान में मोनिआ वो ललुवा वो बलुवा पेशरान परेश मुण्डा के नाम से दर्ज है तथा जमाबन्दी विमला देवी के नाम से पंजी–II के पृष्ठ सं0 2/86 परं दर्ज है एवं लगान रसीद वर्ष 2021 –22 तक निर्गत है। बिकेता को यह भूमि केवाला द्वारा हासिल है।
03. जमाबंदीधारी रैयत से बिकेता स्वयं है। बिकी की जानेवाली भूमि बिकेता के हिस्से की है एवं बिकेता का दखल कब्जा है।
04. प्रस्तावित भूमि भू हदबन्दी, भूदान, सैरात, वन भूमि, सी0सी0एल0 अधिग्रहण क्षेत्र, से बाहर है।

उनके द्वारा बिक्रेता को प्रस्तावित भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन को अग्रसारित किया गया है।

दोनों पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए। दोनों पक्षों का ब्यान दर्ज किया गया। बिक्रेता द्वारा अपने

ब्यान में बतलाया गया है कि आवेदनांकित जमीन बिक्रेता के खरीदगी जमीन है तथा है एवं जमाबन्दी विमला देवी के नाम से चल रही है बिक्री वाली जमीन उसकी है जिसे वे आवश्यकता वश बेच रहे हैं।

क्रेता का कहना है कि उन्होंने प्रस्तावित जमीन को देखी है। उक्त जमीन में कोई विवाद नहीं है, तथा वर्तमान में आवेदक के शान्ति पूर्ण दखल कब्जे में है।

उभय पक्ष अपने पक्ष में निम्नांकित कागजात/दस्तावेज प्रस्तुत करते हैं:–

01. विक्रेता– विमला देवी के नाम केवाला की छायाप्रति, विमला देवी के नाम लगान रसीद की छायाप्रति, आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति।

02. क्रेता– आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति।

दोनों पक्षों का ब्यान सुनने, उनके द्वारा समर्पित कागजातों एवं अंचल अधिकारी पेटरवार से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि बिक्रेता एवं क्रेता दोनों मुण्डा जाति के सदस्य हैं जो अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आते हैं तथा बिक्रेता का मूल निवास ग्राम टकाहा थाना पेटरवार जिला बोकारो वर्तमान पता ग्राम महुआर टोला मोदीडीह थाना बोकारो स्टील सिटी एवं क्रेता का मूल पता ग्राम जरूआटॉड थाना पेटरवार जिला बोकारो एवं वर्तमान निवास ग्राम आवास सं0 3107 सेक्टर 12/सी0 थाना सेक्टर–12 दोनों एक ही जिलान्तर्गत निवासी हैं। आवेदित भूमि बिक्रेता के हिस्से की खरीदगी जमीन है, जिसे वे आवश्यकता वश बेचना चाहते हैं।

अतः विमला देवी पति बाबूलाल उर्फ बाबूलाल मोदी निवास ग्राम टकाहा थाना पेटरवार जिला बोकारो वर्तमान पता ग्राम महुआर टोला मोदीडीह थाना बोकारो स्टील सिटी जिला बोकारो :–

| मौजा | खाता न0 | प्लॉट न 0 | कुल रकबा | बिकी रकबा | उत्तर सीमा | दक्षिण सीमा | पूरब सीमा | पश्चिम सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टकाहा | 35 | 293 | 66 डी0 | 16 डी0 | धिरेन उरॉव | नारायण करमाली | पी0सी0सी0 रोड | विक्रेता वो पिताम्बर बेसरा एवं बंसत बेसरा |
| ***कुल 16 डी0 (सोलह) डीस्मिल मात्र।*** | | | | | | | | |

मो0 रूपये या जिला अवर निबंधक बोकारो द्वारा निर्धारित नवीनतम भूमि मूल्यांकित राशि में जो अधिक हो, की दर से क्रेता– 3,90,000/– (तीन लाख नब्बे हजार) रूपये अंजना देवी पति सुखलाल मोदी निवास ग्राम जरूआटॉड थाना पेटरवार जिला–बोकारो एवं वर्तमान पता ग्राम आवास सं0 3107 सेक्टर 12/सी0 थाना सेक्टर–12 जिला बोकारो के साथ बिक्री करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

इसके साथ ही इस वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है। इस आदेश से उभय पक्षों को अवगत करावें।

लेखापित एवं संशोधित

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
बेरमों (तेनुघाट)।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
बेरमों (तेनुघाट)।

Digitally signed by SADANAND MAHTO
Date: 2024.09.04 12:24:53 +05:30
Location: 192.168.202.43